**तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 19.0° | 35.0° |
| इंदौर | 19.0° | 35.0° |
| जबलपुर | 21.0° | 35.0° |
| ग्वालियर | 17.0° | 33.0° |
| सागर | 19.0° | 36.0 ° |

# नईदुनिया

वर्ष- 79
(सागर : वर्ष 12 अंक 353, पृष्ठ 12)
चैत्र, कृष्ण त्रयोदशी संवत् 2082
मंगलवार, 17 मार्च 2026
सागर संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** प्रत्येक विस क्षेत्र में किसान सम्मेलन ...


**खेल...** किशन आर और प्रीमल जे ने जीते एआरसी नेशनल ...


**व्यापार...** देश में 57.78 करोड़ जन धन खाते, गांवों तक...


**देश-विदेश...** भारत में एक वर्ष में 24 नए अरबपति ...


### प्रदेश विकास और किसानों के हित में मार्गदर्शन प्राप्त किया

# विकास पर सीएम की पीएम से चर्चा

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास और किसान कल्याण वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। मध्य प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान कृषि, पशुपालन, मछली पालन और बागवानी सहित लगभग 16 विभागों को जोड़कर किसानों के हित में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को इन पहलों की विस्तार से जानकारी दी और किसानों की आय वृद्धि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयासों पर चर्चा की।




**मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।**

प्रधानमंत्री ने प्रदेश सरकार की इन पहलों की सराहना की और आगे भी इसी दिशा में कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से निवेश, रोजगार और किसान कल्याण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। नई दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने संसद भवन का भ्रमण किया और विभिन्न सांसदों से मिलकर प्रदेश के विकास, केंद्र-राज्य समन्वय और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

## अविश्वास प्रस्ताव निजी स्वार्थ से प्रेरितः मोदी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव निजी स्वार्थ और अहंकार से प्रेरित था। पीएम मोदी ने स्पीकर को लिखे पत्र में बताया कि प्रस्ताव गिरने के बाद उनका वक्तव्य लोकतांत्रिक मर्यादा की गहरी व्याख्या थी। विपक्ष द्वारा 11 मार्च को प्रस्तुत प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया था कि स्पीकर पक्षपात कर रहे हैं और विपक्ष को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दे रहे। संसद में अविश्वास प्रस्ताव गिरने से विपक्ष की किरकिरी हुई है।

## देवगौड़ा की संसद में विरोध पर आपत्ति



**नई दिल्ली:** पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच.डी. देवगौड़ा ने संसद में विपक्ष के विरोध के तरीके को लेकर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखा है। उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हाल के प्रदर्शनों की आलोचना की। देवगौड़ा ने अपने पत्र में कहा कि बजट सत्र के दौरान लगातार नारेबाजी, पोस्टर दिखाना और धरना-प्रदर्शन से लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा प्रभावित होती है। संसद परिसर की सीढ़ियों पर बैठकर चाय-नाश्ते के साथ प्रदर्शन करना उचित नहीं है। सोनिया गांधी से अपील की कि वरिष्ठ नेताओं को संसदीय मर्यादा बनाए रखने के लिए सांसदों को समझाया जाए।

### हरियाणा में तीन मतों पर आपत्ति के बाद मतगणना रोकी

# राज्यसभा चुनावः बिहार में एनडीए ने सभी पाँच सीटों पर दर्ज की जीत

- महागठबंधन के चार विधायकों ने मतदान नहीं किया
- ओडिशा में मतदान के दौरान विधायकों के बीच झड़प



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** हरियाणा, बिहार और ओडिशा की कुल 11 राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान कराया गया। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने सभी पांचों सीटों पर जीत दर्ज की है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इसकी घोषणा की। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए हैं। वहीं हरियाणा और ओडिशा में मतगणना की प्रक्रिया जारी है। हरियाणा में मतदान के दौरान दो मतों पर आपत्ति उठने के बाद मतगणना कुछ समय के लिए रोक दी गई। जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के गौरव गौतम और किशन बेदी ने इन मतों पर आपत्ति दर्ज कराई है। तीनों राज्यों में कुल 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। बिहार और ओडिशा में मतदान के दौरान कुछ विधायकों द्वारा दल के निर्णय से अलग मतदान करने की बात सामने आई है।

### बंगाल-केरल विस चुनाव



# सुवेंदु ममता को देंगे टक्कर, दो सीटों पर लड़ेंगे

### भाजपा की पहली सूची

- केरल में 47 उम्मीदवार, प्रदेश अध्यक्ष भी मैदान में

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी :** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल और केरल विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली उम्मीदवार सूची जारी कर दी। बंगाल में 144 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा हुई है। पार्टी ने सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भबानीपुर दोनों सीटों से टिकट दिया है, जो राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गढ़ माने जाते हैं। 2021 में नंदीग्राम में हार के बाद ममता भबानीपुर से उपचुनाव जीत चुकी हैं। बंगाल में भाजपा ने डायमंड हार्बर से दीपक कुमार हालदार और खड़गपुर सदर से पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को टिकट दिया है। केरल में भाजपा ने 140 उम्मीदवारों में से 47 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। राज्य के भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर को नेमोम सीट से मैदान में उतारा गया है। केरल में वाम मोर्चा दूसरी बार सत्ता में है। इस बार कांग्रेस से गठबंधन किया है।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

चुनाव आयोग ने सुरक्षा और निगरानी के कड़े इंतजाम किए हैं। 5,173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड और 5,200 से ज्यादा स्थायी निगरानी टीमें तैनात की गई हैं।

## चुनाव से पहले मुख्य सचिव और डीजीपी बदले

**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा निर्णय लेते हुए छह वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। इसके साथ ही राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव बनाया गया है। वहीं सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है।



# जंग के बीच पहला एलपीजी जहाज शिवालिक आया

### मुंद्रा पोर्ट पर 32.4 लाख घरेलू सिलेंडर के बराबर गैस

### नंदा देवी और जग लाडकी जहाज कल भारत पहुंचेंगे

**तेल अवीव/मुंद्रा, एजेंसी :** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के बीच भारत में पहला एलपीजी कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया। जहाज सोमवार शाम लगभग पाँच बजे पोर्ट पर लौटा। इस जहाज में लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी हुई है, जो करीब 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। शिवालिक जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। शिपिंग मंत्रालय के अनुसार, दो और जहाज कल भारत पहुंच रहे हैं। पहला जहाज नंदा देवी लगभग 46 हजार टन एलपीजी लेकर आएगा, जबकि दूसरा जहाज जग लाडकी लगभग 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर आ रहा है।

**नाटो का भविष्य कमजोर...**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर सहयोगी देश ईरान मामले में मदद नहीं करेंगे तो नाटो का भविष्य कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन में मदद की जबकि वह हजारों मील दूर है, अब यह देखना होगा कि सहयोगी देश अमेरिका की मदद करेंगे या नहीं। जर्मनी और ग्रीस ने स्पष्ट किया कि वे ईरान संघर्ष में सैन्य भागीदारी नहीं करेंगे। ब्रिटेन ने भी मिडिल ईस्ट युद्ध में शामिल न होने और अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही।

**ईरान ने भारत से तीन टैंकर छोड़ने की मांग की**

ईरान ने भारत से फरवरी में जब्त किए गए तीन टैंकर छोड़ने की मांग की है। यह बातचीत होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने के सिलसिले में हुई। ईरान ने इस मुद्दे पर भारत से दवाइयों और मेडिकल उपकरणों की सप्लाई की भी मांग की। सोमवार को ईरान के राजदूत ने नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात कर इस मामले पर चर्चा की। भारत ने फरवरी में तीन टैंकर जब्त किए थे।

**तेल अवीव में ईरान का मिसाइल हमला**

ईरान ने रविवार रात तेल अवीव में मिसाइल हमला किया, जबकि सेंट्रल इजराइल में मिसाइल हमलों का फुटेज सामने आया। लेबनान में इजराइली हमलों के कारण विस्थापित लोगों की संख्या बढ़कर 8 लाख 31 हजार हो गई है।

**6 मिसाइल और 21 ड्रोन नष्ट किए**

संयुक्त अरब अमीरात ने सोमवार को 6 बैलिस्टिक मिसाइल और 21 ड्रोन नष्ट किए। मंत्रालय के अनुसार अब तक यूएई ने 304 बैलिस्टिक मिसाइल, 15 क्रूज मिसाइल और 1627 ड्रोन इंटरसेप्ट किए हैं। इन हमलों में 7 लोगों की मौत और 145 लोग घायल हुए हैं।

### लोकसभा में बिना हंगामे के प्रश्नकाल संपन्न

# राज्यसभा में एलपीजी संकट पर हंगामा



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान सोमवार को राज्यसभा में रसोई गैस संकट को लेकर जोरदार हंगामा हुआ, जबकि लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी व्यवधान के पूरा हुआ। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया था कि देश में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी स्थिति सरकारी दावों से अलग दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते आवश्यक व्यवस्था कर ली होती, तो लोगों को इस संकट का सामना नहीं करना पड़ता। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के सांसद जे.पी. नड्डा ने खड़गे की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस आपदा की स्थिति में भी राजनीति कर रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कहा कि कांग्रेस नेता जवाब सुनने के लिए तैयार नहीं रहते। इसी बीच तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने पश्चिम बंगाल के कुछ अधिकारियों को हटाने के चुनाव आयोग के निर्णय के विरोध में राज्यसभा से बहिर्गमन कर दिया। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही कुछ विपक्षी सांसदों ने अपने मुद्दे उठाने की मांग की, लेकिन अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद बोलने का समय देने की बात कही। प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित कई मंत्रियों ने सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

# अस्पताल में आग लगने से दस मरीजों की मौत, 11 कर्मचारी झुलसे

- गहन चिकित्सा इकाई में देर रात हादसा

**नईदुनिया ब्यूरो, कटक :** ओडिशा के कटक स्थित श्रीराम चंद्र भांजा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में रविवार देर रात भीषण आग लगने से दस मरीजों की मौत हो गई। इनमें से सात मरीजों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन की मृत्यु उपचार के दौरान हुई। यह हादसा अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा केयर की गहन चिकित्सा इकाई में हुआ, जहां उस समय लगभग 23 मरीज भर्ती थे। मरीजों को बचाने के प्रयास में अस्पताल के कम से कम



ग्यारह कर्मचारी झुलस गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी सुबह अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है तथा हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि श्रीराम चंद्र भांजा चिकित्सा महाविद्यालय कटक का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है, जहां पूरे राज्य से मरीज उपचार के लिए आते हैं।

# बाढ़ से 66 लोगों की मौत, हजारों बेघर कई सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त

**नैरोबी, एजेंसी :** अफ्रीकी देश केन्या में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। पिछले एक सप्ताह के दौरान आई बाढ़ में अब तक 66 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि हजारों लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। लगातार वर्षा के कारण कई नदियां उफान पर आ गई हैं। इससे निचले इलाकों में स्थित घरों और बस्तियों में पानी भर गया है। कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और बिजली तथा पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। कुछ पुल टूट जाने के कारण कई मार्ग बंद



कर दिए गए हैं। कई विद्यालयों में भी पानी घुस जाने से पढ़ाई प्रभावित हुई है।

### भारत, चीन और मैक्सिको के नागरिक आवेदन से बाहर

# अमेरिका में ग्रीन कार्ड लॉटरी योजना फिर शुरू

**वॉशिंगटन, एजेंसीः** अमेरिका ने ग्रीन कार्ड के लिए संचालित डायवर्सिटी वीजा लॉटरी योजना को दोबारा शुरू कर दिया है। इस बार योजना के नियम पहले की तुलना में अधिक सख्त कर दिए गए हैं। हालांकि भारत के नागरिक इस लॉटरी योजना में आवेदन नहीं कर सकेंगे।

डायवर्सिटी वीजा योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष लगभग 55 हजार लोगों को ग्रीन कार्ड प्रदान किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य उन देशों के नागरिकों को अवसर देना है, जहां से अमेरिका



जाने वाले लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम होती है। नियमों के अनुसार केवल उन्हीं देशों के नागरिक आवेदन कर सकते हैं, जहां से पिछले पांच वर्षों में अमेरिका जाने वाले लोगों की संख्या 50 हजार से कम रही हो।

इसी कारण भारत, चीन और मैक्सिको जैसे देशों के नागरिक इस योजना के लिए पात्र नहीं माने जाते, क्योंकि इन देशों से बड़ी संख्या में लोग अमेरिका जाते हैं। नए नियमों के अनुसार आवेदन करते समय पासपोर्ट से संबंधित पूरी जानकारी और उसकी स्कैन प्रति देना अनिवार्य होगा। यदि कोई आवेदक यह जानकारी नहीं देता है तो उसका आवेदन सीधे निरस्त कर दिया जाएगा। यह नया नियम 10 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा।

### 98वां ऑस्कर अवार्ड | माइकल बी. जॉर्डन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जेसी बकले सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री...

# 'वन बैटल आफ्टर अनदर' सर्वश्रेष्ठ फिल्म, छह पुरस्कार जीते

- लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थियेएर में किया गया आयोजन
- प्रियंका चोपड़ा दूसरी बार समारोह में उद्घोषक

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी :** 98वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया, जिसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो अभिनीत फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला।

इस फिल्म ने कुल छह पुरस्कार प्राप्त कर इस वर्ष सबसे अधिक सम्मान हासिल किए। समारोह में फिल्म 'सिनर्स' के लिए माइकल



बी. जॉर्डन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। इस श्रेणी में लियोनार्डो डिकैप्रियो और टिमोथी चालमेट भी नामांकित थे। वहीं फिल्म 'हेमनेट' के लिए जेसी बकले को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

इस फिल्म में उन्होंने प्रसिद्ध लेखक विलियम शेक्सपियर की पत्नी एग्नेस की भूमिका निभाई है, जो अपने 11 वर्षीय पुत्र हेमनेट की मृत्यु के बाद जीवन की कठिन परिस्थितियों से उबरने का प्रयास करती है। 'वन बैटल आफ्टर अनदर' के लिए पॉल थॉमस को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला।